मथुरा तेल-शोधन शाला

2536. श्री जैनुल बशर : क्या पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मथुरा तेल-शोधन शाला में कब तक काम शुरू हो जाएगा ;

(ख) उसमें कौन कौन से पैट्रोलियम उत्पादों के निर्माण का विचार है ; और

(ग) कथित तेल-शोधन शाला द्वारा किन-किन क्षेत्रों को ये पैट्रोलियम उत्पाद सप्लाई किए जायेंगे ?

पैट्रोलियम, रसायन तथा उर्वरक मंत्री (श्री वीरेन्द्र पाटिल) :

(क) वर्ष 1981 की प्रथम चौथाई में मथुरा शोधन शाला के आरम्भ होने की आशा है ।

(ख) मथुरा शोधन शाला से मिलने वाले प्रमुख पैट्रोलियम उत्पाद निम्नलिखित होंगे :—

(1) तरलीकृत पैट्रोलियम गैस
(2) मोटर स्प्रिरिट
(3) नैफ्था
(4) विमानन टरबाइन इंधन
(5) उत्तम मिट्टी का तेल
(6) हाई स्पीड डीजल
(7) लाइट डीजल आयल
(8) भट्टी का तेल
(9) उर्वरक फीड स्टाक
(10) बीट्मन
(11) सल्फर

(ग) मथुरा शोधन शाला से पैट्रोलियम उत्पादों की सप्लाई उत्तर पश्चिम क्षेत्र, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को की जाएगी ।

आकाशवाणी पटना केन्द्र का भवन

2537 श्रीमती कृष्णा साही : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पटना का आकाशवाणी केन्द्र जब से स्थापित हुआ है तब से राज्य सरकार के एक छोटे से भवन में स्थित है और वहां उसके विस्तार की कोई गुंजाइश नहीं है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार को विचार इस स्टेशन की आधुनिकरण करने और इसके लिए भवन का निर्माण आरम्भ करने का है ; और

(ग) यदि हां, तो कब और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

सूचना और प्रसारण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती राम दुलारी सिन्हा) :

(क) और (ख). आकाशवाणी का पटना केन्द्र उस भवन में स्थित है जो मूलत: राज्य सरकार से सम्बन्धित है और जो बाद में आकाशवाणी द्वारा राज्य सरकार से अधिगृहित की गई थी । जब केन्द्र 1948 में चालू हुआ था तब भवन को पर्याप्त समझा गया था । इसके बाद केन्द्र पर कई और सुविधायें उपलब्ध की गई हैं । इससे उसी अहाते में नए स्टूडियो बनाया आवश्यक हो गया है । ये स्टूडियों अन्य राज्यों की राजधानियों में उपलब्ध सुविधाओं के अनुरूप होगें ।

(ग) पटना में नए स्थाई स्टूडियो के निर्माण की परियोजना स्वीकृत हो गयी है और निर्माण कार्य एक या दो वर्ष में शुरू हो जाने की आशा है ।

T. V. Centre in Trivandrum

2538. SHRI A. A. RAHIM:
SHRI V. S. VIJAY RAGHAVAN:
SHRI A. NEELALOHITHADASAN NADAR:

Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) the reasons for the delay in the setting up of the T.V. Centre in Trivandrum;

(b) whether the final necessary approval of the Expenditure Finance Committee has been obtained; and

(c) steps taken to expedite the setting up of the T.V. Centre?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRIMATI RAMDULARI SINHA): (a) to (c). The site selected for the TV Station at Trivandrum was taken over on 10.8.79. The Expenditure Finance Committee have given the necessary